कार्यालयः जिला शिक्षा अधिकारी, प्रारम्भिक शिक्षा, मयूर विहार, देहरादून

आदेश सं० प्र0राज0बे0–1(विज्ञप्ति)/ 255 /प्रत्यावेदन/2024–25 दिनांक 26 जुलाई, 2024

विज्ञप्ति

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित विज्ञप्ति संख्या/प्रा0शि0–विज्ञप्ति/163/स0अ0 (प्राथमिक)/2024–25 दिनांक 10 जून, 2024 द्वारा जनपद देहरादून के राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक (प्राथमिक) (वेतनमान–35400–112400 लेवल–6) के पदों हेतु अनुसूचित जाति (SC) के कुल 41 पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञप्ति प्रकाशित की गयी थी। अनुसूचित जाति (SC) के कुल 41 पदों हेतु प्रकाशित विज्ञप्ति के सापेक्ष सामान्य, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों द्वारा भी आवेदन किया गया है जबकि विज्ञप्ति केवल अनुसूचित जाति (SC) हेतु प्रकाशित की गयी है। अनुसूचित जाति (SC) के अभ्यर्थियों का आवेदन पत्र में अंकित विवरण Excel Sheet-1 एवं अन्य का विवरण Excel Sheet-2 में अंकित कर विभागीय वैबसाईट www.schooleducation.uk.gov.in पर अपलोड किया जा रहा है।

उक्त के क्रम में ऐसे समस्त अभ्यर्थी जिनके द्वारा जनपद देहरादून में उक्त विज्ञप्ति के सापेक्ष आवेदन किया गया है, वे विभागीय वैबसाईट www.schooleducation.uk.gov.in पर अपलोड की गयी सूची का भली–भांति अवलोकन/परीक्षण करते हुए यदि किसी अभ्यर्थी के अंकित विवरण में कोई भिन्नता अथवा त्रुटि परिलक्षित होती है तो अपना प्रत्यावेदन समस्त साक्ष्य/ अभिलेखों सहित दिनांक 31 जुलाई, 2024 (बुद्धवार) सांय 05:00 तक इस कार्यालय की E-Mail I.D- **deo.basic.dehradun@gmail.com** पर भेजना सुनिश्चित करें। दिनांक 31 जुलाई, 2024 सांय 5 बजे के पश्चात् किसी भी प्रत्यावेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा0शि0)
जनपद– देहरादून

कार्यालयः जिला शिक्षा अधिकारी, प्रारम्भिक शिक्षा, मयूर विहार, देहरादून

पत्रांकः प्र0राज0बे0–1(विज्ञप्ति)/ 2565 /प्रत्यावेदन/2024–25 दिनांक जुलाई, 2024

प्रतिलिपिः–

1. सम्पादक, दैनिक समाचार पत्र, दैनिक जागरण/अमर उजाला/हिन्दुस्तान (उत्तराखण्ड संस्करण) को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को अपने दैनिक लोकप्रिय समाचार पत्र में न्यूनतम शासकीय दरों पर विज्ञापित करने का कष्ट करेंगे तथा भुगतान हेतु बिल दो प्रतियों में कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा0शि0) देहरादून को प्राप्त करायेंगे।

जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा0शि0)
जनपद– देहरादून

Scanned with OKEN Scanner